दिनांक–22.10.2026 को विशेष सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग की अध्यक्षता में कोशी प्रमंडल अन्तर्गत सभी प्रमंडल के छूटे हुए टोलों में किये गए कार्यों की समीक्षा की गई, जिसमें महत्वपूर्ण बिन्दु निम्न है:–

Progress of Ongoing Water Supply Schemes LOT (PHED)

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा और मधेपुरा में पूर्व में अपलोड किए गए फोटोग्राफ्स में मानक के अनुरूप कंट्रोल पैनल नहीं पाया गया, मानक के अनुरूप कार्य में अपेक्षित सुधार नहीं होने के कारण कार्यपालक अभियंता, सहरसा एवं मधेपुरा को चेतावनी देते हुए एक दिन का वेतन अगले आदेश तक स्थगित रखने तथा स्पष्टीकरण की मांग करने का निदेश दिया गया।

  निदेश–MIS पर अपलोड कराये गये फोटोग्राफ्स में त्रुटियों का निराकरण करते हुए अच्छी गुणवत्ता का फोटोग्राफ्स (सभी अवयवों का) अपलोड करने का निदेश दिया गया। MIS पर अपलोड किए गए फोटोग्राफ्स से, कार्य के मानक के अनुरूप नहीं होना परिलक्षित हो रहा है जिसे अविलम्ब सुधारोपरांत पुनः अपलोड किया जाय।

  अनुपालन–अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु0)/मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र/अधीक्षण अभियंता, सहरसा अंचल/संबंधित कार्यपालक अभियंता

Site/Land Availability Status LOT (PHED)

- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुल 267 योजनाओं के लक्ष्य के विरूद्ध मात्र 252 योजनाओं का भूमि हस्तांतरण संबंधी डाटा MIS पर अपलोड किया गया है। कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि शेष 15 योजनाओं की प्रविष्टि MIS पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करें।
- लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, मधेपुरा की समीक्षा के क्रम में पाया गया कि कुल 569 योजनाओं के लक्ष्य के विरूद्ध 518 योजनाओं की प्रविष्टि MIS पोर्टल पर की गई है। शेष बचे हुए योजनाओं की प्रविष्टि MIS पोर्टल पर करने का निदेश दिया गया।

  निदेश–सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता को भूमि उपलब्धता/हस्तातंरण से संबंधित प्रविष्टियों में वास्तविक स्थिति प्राप्त होते ही MIS Portal पर अद्यतन करने का निदेश दिया गया।

  अनुपालन–मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र/अधीक्षण अभियंता, सहरसा अंचल/संबंधित कार्यपालक अभियंता

Electricity Bill Dues and payment Status (PHED)

- सभी संबंधित पदाधिकारी को निदेश दिया गया कि एजेंसी को जारी भुगतान की राशि में से प्राथमिकता के आधार पर विद्युत विपत्रों एवं पम्प ऑपरेटरों के बकाया मानदेय का भुगतान संवेदक के माध्यम से कराना सुनिश्चित करें।
- MIS पोर्टल पर Tender Activity Update (O&M की प्रारंभ तिथि, समाप्ति तिथि तथा संबंधित O&M प्रमाण पत्र) अपलोड करने हेतु सभी प्रमंडलों को निदेशित किया गया एवं अनुपालन हेतु अधीक्षण अभियंता, सहरसा अंचल को निदेश दिया गया।

  अनुपालन–मुख्य अभियंता (यांत्रिक)/मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र/अधीक्षण अभियंता, सहरसा अंचल /संबंधित कार्यपालक अभियंता

Inspection of Commissioned Schemes & ATR Upload

- कोशी प्रमंडल अंतर्गत सभी कार्यपालक अभियंताओं को निदेश दिया गया कि सभी योजनाओं का स्थल निरीक्षण एवं House Connection का जियो टैग फोटो के साथ MIS पोर्टल पर अविलंब अपलोड करना सुनिश्चित करें। संबंधित अधीक्षण अभियंता उक्त कार्य का अनुश्रवण करेंगे, जिन पदाधिकारियों के स्तर से लापरवाही बरती जाती है उनके विरूद्ध कार्रवाई करना सुनिश्चित करें।

  अनुपालन–मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र/अधीक्षण अभियंता, सहरसा अंचल/संबंधित कार्यपालक अभियंता

CGRC-Grievance Pending & Disposal Status

- पेयजल संबंधित सभी लंबित शिकायतों का निराकरण 24 घंटे के अन्दर करना सुनिश्चित करें। भविष्य में कोई भी शिकायत 7 दिनों से अधिक लंबित नहीं रहना चाहिए। पाइपलाइन लीकेज, लो–वोल्टेज और जलापूर्ति बाधित होने की शिकायतों का त्वरित निष्पादन किया जाए। जिलावार CGRC रिपोर्ट की नियमित समीक्षा किया जाय साथ ही ससमय निराकरण करने का निदेश दिया गया।

  अनुपालन–मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र/अधीक्षण अभियंता, सहरसा अंचल/संबंधित कार्यपालक अभियंता

Repair team and store mapping

निदेश–सभी प्रमंडलों में O&M का कार्य प्रगति पर है, वहाँ प्रत्येक पंचायत में कम से कम एक मरम्मति दल कार्यरत रहना सुनिश्चित की जाए। अगली समीक्षा बैठक में प्रत्येक जिलों के मरम्मति दलों की अद्यतन स्थिति

प्रस्तुत करने का निदेश दिया गया। साथ ही सभी मरम्मति दलों से संबंधित विवरणी MIS Portal पर अद्यतन करने का निदेश दिया गया।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र/अधीक्षण अभियंता, सहरसा अंचल/संबंधित कार्यपालक अभियंता

Tank Cleaning target and achievement

- सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेशित किया गया कि पानी टंकी की सफाई का प्रतिदिन निर्धारित लक्ष्य को पूर्ण (दिनांक–31.10.2026 तक) करते हुए गुणवत्तापूर्ण फोटोग्राफ्स के साथ MIS पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र/अधीक्षण अभियंता, सहरसा अंचल/संबंधित कार्यपालक अभियंता

अन्यान्यः–

- समीक्षा के क्रम में पाया गया कि MIS पर Trial Run और O&M योजना की प्रविष्टि गलत पाई गई। इस संबंध में संबंधित कार्यपालक अभियंता को निदेश दिया गया कि अपेक्षित सुधार करते हुए MIS पोर्टल पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे।
- सभी संबंधित कार्यपालक अभियंता एवं एजेंसियों को निदेशित किया गया कि योजनाओं के निर्माण कार्य में गुणवत्ता, सुरक्षा एवं निर्धारित तकनीकी मानकों का अनिवार्य रूप से पालन किया जाए। सभी खुले अथवा अधूरे चैंबरों को प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण कर सुरक्षित रूप से ढका जाए। लंबित बोरिंग, पाइपलाइन, हाउस कनेक्शन, स्टेजिंग एवं अन्य कार्यों में तेजी लाते हुए प्रगति को MIS पोर्टल पर नियमित रूप से अद्यतन किया जाए तथा आगामी समीक्षा बैठक से पूर्व अपेक्षित सुधार करना सुनिश्चित करें।

अनुपालन–मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र/अधीक्षण अभियंता, सहरसा अंचल/संबंधित कार्यपालक अभियंता

सधन्यवाद बैठक की कार्यवाही समाप्त की गई।

28.10.26

(संजीव कुमार)
विशेष सचिव

ज्ञापांक–14/बैठक–101/25–889 /पटना,दिनांक–28/10/26

प्रतिलिपिः– कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, सहरसा, सुपौल, मधेपुरा/अधीक्षण अभियंता, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण अंचल, सहरसा/मुख्य अभियंता, पूर्णिया प्रक्षेत्र लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/10

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु॰)

ज्ञापांक–14/बैठक–101/25–889 /पटना,दिनांक–28/10/26

प्रतिलिपिः–विशेष सचिव/अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मुख्यालय/कार्य प्रबंधन)/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण/दक्षिण बिहार/उत्तर बिहार/रूपांकण/यांत्रिक)/अधीक्षण अभियंता (अनुश्रवण)/अधीक्षण अभियंता (जल गुणवत्ता) दक्षिण बिहार/आई॰टी॰मैनेजर/लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/10

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु॰)

ज्ञापांक–14/बैठक–101/25–889 /पटना,दिनांक–28/10/26

प्रतिलिपिः–सचिव के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव के वरीय प्रधान आप्त सचिव, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

28/10

(नित्यानन्द प्रसाद)
अभियंता प्रमुख–सह–विशेष सचिव (मु॰)